वेबसाईट : www.abvp.org पंजिकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय- 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.

दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक : 22 मार्च 2020

-: प्रेस विज्ञप्ति :-

कोरोना वायरस के खिलाफ़ सामूहिक प्रयासों से ही जीतेगा भारत : अभाविप

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, माननीय प्रधानमंत्री जी के 'जनता कर्फ्यू' के आह्वान को सफल बनाने हेतु देश के सभी नागरिकों का हार्दिक अभिनंदन करती है। देश के सभी नागरिकों ने कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ने की जिस इच्छाशक्ति का प्रदर्शन किया है, वह प्रशंसनीय है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने 'जनता कर्फ्यू' का दिन पुस्तक पढ़ने में बिताया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सोशल मीडिया के माध्यम से अपने सभी छात्र-छात्रा कार्यकर्ताओं एवं प्राध्यापकों से आग्रह किया था कि वे किसी पुस्तक को इस दिन पढ़ने को चुनौती के रूप में लें और पूरे दिन का पुस्तक पढ़ने में सदुपयोग करें।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय महामंत्री सुश्री निधि त्रिपाठी ने कहा कि, "देश के नागरिकों द्वारा कोरोना वायरस की महामारी को फैलने से रोकने के संदर्भ में एक दिवसीय जनता कर्फ्यू को सफल बनाने हेतु हार्दिक अभिनंदन है। आत्मसंयम तथा स्वच्छता से निश्चित ही भारत इस महामारी की रोकथाम में सफलता हासिल करेगा। आज शाम 5:00 बजे जिस प्रकार पूरे देश में लोगों ने तालियों, शंखनाद आदि के माध्यम से इस महामारी को फैलने से रोकने में लगे हुए स्वास्थ्य कर्मचारियों, पुलिस कर्मियों का धयवाद एवं उत्साहवर्धन किया, वह अभूतपूर्व है। आशा है हम भारतवासी भविष्य में सरकार के साथ सहयोग बनाकर कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ाई जीतेंगे।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री नीरज चौधरकर द्वारा जारी की गई है।)